प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और पीएम धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ करेंगे–योजना में राज्य के आठ जिले शामिल।

- राज्य में देवस्थान विभाग की ओर से पंच पर्व दीपावली के विशेष आयोजन के तहत सभी मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

- अंतरर्राष्ट्रीय बालिका दिवस आज–बालिका सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।

- प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अधिकांश भागों में तापमान में 2 से 7 डिग्री की गिरावट–सुबह और शाम ठण्डक का एहसास बढा।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे और किसानों के साथ बातचीत भी करेंगे। यह कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाती है। प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना में देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है। इनमें प्रदेश के आठ जिले–बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागोर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू और जालौर भी सम्मिलित हैं। राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जायेगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। साथ ही राज्यभर के लगभग साढे चार सौ किसान भाग लेंगे। इसके अलावा यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी किसान समृद्धि केंद्रों, कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, पंचायतों, ब्लॉक और जिला मुख्यालयों पर भी आयोजित किया जाएगा। हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र में होने वाले इस कार्यक्रम में बडी संख्या में महिला और पुरूष किसान इन योजनाओं के बारे में जानेंगे।

.....

0000

राज्य में देवस्थान विभाग की ओर से पंच पर्व दीपावली का विशेष आयोजन किया जायेगा। इससे पहले सभी मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, दीपों और विद्युत सजावट से मंदिरों को सजाया जायेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं की सहभागिता से मंदिरों में सामूहिक दीप प्रज्वलन भी किया जाएगा, जिससे 'एक दीप सबके लिए' का संदेश प्रसारित होगा। पंचपर्व दीपावली में रंगोली, महाआरती और भक्ति संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा महाभोग का वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल विभाग को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने त्यौहार के मद्देनजर सरकारी स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर भी समुचित रोशनी और सजावट करने को कहा है।

0000

इस बीच प्रदेश में चल रहे "शुद्ध आहार–मिलावट पर वार" अभियान के तहत चिक्त्सिा और स्वास्थ्य विभाग की टीमें विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री जब्त कर रही है। इसी कडी में कल जयपुर के सामोद थाना क्षेत्र के तिगरिया गाँव में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके से 1 हजार लीटर से अधिक मिलावटी दूध और लगभग 100 किलो मिलावट सामग्री को नष्ट करवाया। वहीं भरतपुर के बयाना में दुकानों पर कार्रवाई कर ड्राईफ्रूट्स और मिठाईयों के सैम्पल लेकर जांच के लिये भेजे गये।

000

राजीविका की ओर से इन दिनों जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान परिसर में सुमंगल दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार की पारंपरिक मिट्टी कला और शिल्प उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां विभिन्न जिलों से आये स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्य हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, खाद्य उत्पादों और उन्नत तकनीक से निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री कर रही हैं। साथ ही स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों से सजा फूड कोर्ट लोगों को एक विशेष अनुभव प्रदान कर रहा है।

0000

नागर विमानन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने सभी विमानन कंपनियों से आगामी त्यौहारों के दौरान हवाई किराये को किफायती बनाए रखने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में कल मासिक समीक्षा बैठक में श्री नायडू ने विमानन सेवाओं में सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही विमानन कंपनियों को यात्रियों की सुविधा के लिए उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

0000

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। ये दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढाने और सशक्त बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी से बेटियों के सम्मान सुरक्षा और सशक्तिकरण का संकल्प लेने का आह्वान किय है। उप मुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने भी अपने संदेश में बालिकाओं के लिए सुरक्षित और समृद्ध समाज बनाने में प्रदेशवासियों से भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। प्रदेश में बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पाली में राजकीय बांगड महाविद्यालय में जिलास्तरीय कार्यक्रम रखा गया है, जहां नाटक के माध्यम से लोगों को बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जायेगा। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण का संदेश दिया जायेगा।

.....

0000

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राजस्थान ने सितम्बर माह में देशभर में प्रथम स्थान हांसिल किया है। उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसके लिए विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि ये रैंकिंग, योजना के तहत लाभार्थियों के पंजीकरण, लाभार्थियों को भुगतान और 30 दिन में लाभार्थियों को नकद लाभ अंतरण के मापको के आधार पर जारी की जाती है। योजना के तहत वर्ष 2023–24 से अब तक 16 लाख से अधिक लाभार्थियों को 552 करोड़ रुपये के लाभ देकर लाभान्वित किया जा चुका है।

0000

प्रदेश में चल रहे ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत पंहुचाई जा रही है। बडी संख्या में लोग इन शिविरों में पंहुचकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे है। विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधि इन शिविरों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा कर रहे है। इसी कडी में बीकानेर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने श्रीगंगानगर में ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों तथा फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिविरों में मौजूद रहकर आमजन की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने को कहा। वहीं, पाली जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने बीजापुर में ग्रामीण सेवा शिविर में 15 आवासीय भूखंडों के पट्टे सहित नाम शुद्धि और नामान्तरण के कई प्रकरणों का निस्तारण किया।

0000

विश्वविख्यात पुष्कर पशु मेले की तैयारियों के तहत, राज्य सरकार ने मेले की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च कर दी है। इस वेबसाइट के माध्यम से पशुपालकों के लिए प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया ऑनलाईन शुरू की गई है। हालांकि ऊँट पालकों को किसी भी प्रकार के ऑनलाइन पंजीकरण की जरूरत नहीं होगी। उनके लिए पहले की तरह अस्थायी रूप से स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

0000

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अधिकांश भागों में दिन और रात के तापमान में 2 से 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इससे सुबह और शाम सर्दी का असर महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग

से मिली जानकारी के अनुसार कल 15 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस के साथ सीकर में सबसे सर्द रात दर्ज की गई।

0000